उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## 'मिशन शक्ति' फेज-5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु किया गया जागरुक-

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में आज दिनांक- 30.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गाँवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन **1090,** महिला हेल्पलाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन **1076,** पुलिस आपातकालीन सेवा **112,** चाइल्ड हेल्पलाइन **1098,** स्वास्थ्य सेवा **102** एम्बुलेंस सेवा **108** व साइबर हेल्पलाइन **1930** तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए **24** घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-**1930** की जानकारी देकर किया गया जागरुक।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 30.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



## महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं एवं छात्राओं को जागरुक किया गया-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिला सुरक्षा, महिला सम्मान व महिला स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत आज दिनांक-30.10.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों में गठित मिशन शक्ति बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा थानाक्षेत्र के विभिन्न स्कूल, कालेजों एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को जागरुक किया गया है।

इस दौरान मिशन शक्ति फेज-5.0 तहत महिला उत्पीड़न, महिला अपराध पर प्रभावी रोकथाम हेतु शासन एवं पुलिस द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों एवं उनसे संबंधी अधिकारों एवं की जाने वाली कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी साथ महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया व गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। जागरुकता पम्पलेट का वितरण किया गया है।

समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारे में साइबर हेल्पलाइन-1930 की जानकारी देकर जागरुक किया गया है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित 01 नफर शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु शातिर अपराधियों के क्रियाकलापों पर पैनी नजर रख उनके सत्यापन की कार्यवाही व आपराधिक कृत्य पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 30.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक खन्ना श्री विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना कोतावली नगर महोबा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 450/2024 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार अहिरवार पुत्र रमेश अहिरवार उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम पलका थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को ग्राम चिचारा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

शैलेन्द्र कुमार अहिरवार पुत्र रमेश अहिरवार उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम पलका थाना कोतवाली नगर महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री विनोद कुमार
2. हे0का0 प्रकाशवीर



## "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द, परिवारीजनों ने भावुक होकर महोबा पुलिस के प्रति जताया आभार..

महोबा पुलिस की पहल 'ऑपरेशन मुस्कान' का दिख रहा असर पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी चरखारी के पर्यवेक्षण में गुमशुदा बरामदगी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.10.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत गुमशुदगी नं0 29/2024 से संबंधित गुमशुदा को पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयासों, ऑपेरशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित सीसीटीवी कैमरों व आम जनमानस की मदद से गुमशुदा युवती को बस स्टैण्ड महोबा से सकुशल बरामद कर परिजनों को सपुर्द किया गया। गुमशुदा युवती को पाकर परिजन द्वारा महोबा पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी।



### बरामद करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 कन्हैयालाल यादव
2. म0उ0नि0यूटी निकिता शुक्ला
3. कां0 ज्ञानेश्वर

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने हत्या के 01 नफर वांछित अभियुक्त को मय आलाकत्ल के साथ किया गिरफ्तार-

दिनांक 26.10.2024 को थाना कुलपहाड़ क्षेत्रअन्तर्गत 02 पक्षों के मध्य मामूली बात को लेकर आपस में विवाद हो गया था जिसमें एक व्यक्ति द्वारा आक्रोशित होकर दूसरे पक्ष के व्यक्ति के सिर में कुल्हाड़ी से वार कर देने से बाद उपचार उसकी दुःखद मृत्यु हो गयी थी।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुये थाना कुलपहाड़ पर मु0अ0सं0 325/2024 धारा 103(1) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व घटना के शीघ्र अनावरण के सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में टीमों का गठन किया गया था।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 325/2024 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वाछिंत अभियुक्त छिद्दू यादव पुत्र स्व0 कमल यादव उम्र 57 वर्ष को मय आलाकत्ल कुल्हाडी के साथ रतियन के खोडा के जंगल थाना कुलपहाड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

छिद्दू यादव पुत्र स्व0 कमल यादव उम्र 57 वर्ष निवासी मु0 घुसियाना वार्ड संख्या 10 कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा व हाल निवास बुन्देलखण्ड महाविद्यालय के सामने अपने खेत कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री अर्जुन सिंह
2. उ0नि0 दिनेश तिवारी 3.उ0नि0 विकास तिवारी

### बरामदगी-

मु0अ0सं0 325/2024 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित आलाकत्ल कुल्हाडी



पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित वृद्धाश्रम पहुंच बच्चे, बुजुर्गों संग बांटी दिवाली की खुशियां

आओ हर द्वार हर गली हर मोड़ पे हम दीप जलाएं..
गरीब, असहाय वृद्धों का घर खुशियों से महकाएं..